आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 13.04.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती कल मनाई जायेगी–राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में होगा आयोजितं
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–भारत का संविधान सभी का मार्गदर्शक हैं
- केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वर्षा जल संरक्षण के पारम्परिक तरीकों को अपनाने का आह्वान कियां
- प्रदेश में अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3 से 5 डिग्री बढोतरी होने की संभावनां

000000

भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती कल मनाई जायेगीं इस उपलक्ष्य में नई दिल्ली में संसद भवन लॉन स्थित प्रेरणा स्थल पर श्रद्धाजंलि समारोह आयोजित किया जाएगां समारोह में सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई मंत्री, सांसद और अन्य लोग बाबासाहेब आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करेंगें प्रदेश में आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में राज्यस्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया जायेगां सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगें कल कई स्थानों पर रन फॉर यूनिटी और रन फॉर इक्वॉलिटी रखी गयी हैं वहीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जयपुर मे राज्यस्तरीय जय भीम पदयात्रा आयोजित की गई खेल मंत्रालय और नेहरू युवा केन्द्र संगठन की ओर से आयोजित ये यात्रा यूथ हॉस्टल से शुरू होकर जनपथ स्थित डॉ. भीमराव आम्बेडकर सर्किल पर सम्पन्न हुईं जोधपुर और बाडमेर में संगोष्ठी आयोजित की गईं जैसलमेर में रक्तदान शिविर और विचार गोष्ठी रखी गईं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत का संविधान सभी का मार्गदर्शक हैं उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को संविधान की पालना करते हुए देश को आगे बढाने का लक्ष्य बनाना चाहिएं श्री बिरला कोटा में प्रस्तावित संविधान पार्क की भूमि निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थें उन्होंने कहा कि इस संविधान पार्क मे डिजिटल तकनीक के जरिये संविधान से जुडी सभी जानकारियां, अधिकार और एतिहासिक घटनाओं को जनता तक पंहुचाया जायेगां

.....

श्री बिरला आज कोटा से उज्जैन के लिए शुरू होने जा रही नई रेलसेवा का शुभारम्भ करेंगें ये ट्रेन कोटा से दिल्ली, इंदौर और उज्जैन के बीच चलेगीं नई तकनीक से बने आधुनिक कोचों के साथ ये ट्रेन यात्रियों को आराम दायक सफर का अनुभव करवाएगीं

00000

प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल को आखा तीज और 12 मई पीपल पूर्णिमा के अबूझ सावे पर होने वाले संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिये विभिन्न जिला प्रशासनों ने पुख्ता बंदोबस्त करने शुरू कर दिये हैं इसी कडी में बाडमेर कलेक्टर टीना डाबी ने जिले में बाल विवाहों पर रोक लगाने के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किये हैं ꠰

.....

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दीं राष्ट्रपति मुर्मु ने 1919 में इस दिन स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि उन अमर शहीदों से प्रेरित होकर सभी देशवासी तन, मन और धन से भारत की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों की अदम्य भावना को हमेशा याद रखेगीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी देश के लिये

अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले जलिया वाला बाग के अमर शहीदों को नमन किया हैं उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उनका बलिदान भारत वासियों के हृदय में राष्ट्रसेवा की ज्योति जगाता रहेगां

0000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जोधपुर के लूणी क्षेत्र के दौरे पर रहें उन्होंने फींच गांव में सामुदायिक संवाद कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ जल संरक्षण पर विचार साझा कियें लोगों से वर्षा जल सहेजने के पारम्परिक तरीकों को अपनाने का आह्वान कियां इस दौरान उन्होंने लूणी और धवा क्षेत्र के तालाबों में जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिये हुए उपयोगी निर्माण की सराहना कीं श्री शेखावत ने कहा कि लिफ्ट कैनाल के तीसरे चरण का काम इस साल अगस्त–सितम्बर तक पूरा कर लिया जायेगां इससे दूर दराज के इलाकों में हर घर तक जल पंहुचाना आसान होगां केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के जल जीवन मिशन की अवधि को साल 2028 तक बढाये जाने के फैसले से प्रदेशवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल सकेगीं

0000

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से डिजिटल लॉकर सेवा शुरू की हैं जोधपुर रेलवे स्टेशन पर डिजिटल लॉकर सुविधा शुरू होने से यात्रियों के सामान की सुरक्षा और बेहतर हो सकेगीं लॉकर के उपयोग के लिए यात्री अपने मोबाइल नंबर पर मिले ओटीपी के माध्यम से लॉकर को सक्रिय कर सकेंगें इस प्रक्रिया में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध हैं यात्री लॉकर का साइज़ भी चुन सकेंगें

0000

प्रदेश में दो अलग–अलग सडक हादसों में सात लोगों की मृत्यु हो गई जयपुर जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में आज सुबह कार और ट्रेलर की आमने सामने की टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई ये हादसा मनोहरपुर–दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 पर हुआं पुलिस के अनुसार सभी मृतक लखनऊ के रहने वाले है और एक ही परिवार के सदस्य हैं ये खाटूश्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थें वहीं भरतपुर जिले में चौकीपुरा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पति पत्नी की मौत हो गईं ये दम्पत्ति गोवर्धन धाम की परिक्रमा देकर वापस लौट रहे थें

0000

प्रदेश में अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3 से 5 डिग्री बढोतरी होने की संभावना हैं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में कल से लू का नया दौर शुरू होने के आसार हैं वहीं 15 और 16 अप्रैल को हीटवेव की तीव्रता में और बढोतरी होगीं इसके साथ ही जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में अनेक भागों में कहीं–कहीं तीव्र हीटवेव चलने का पूर्वानुमान हैं इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से अधिक पंहुच सकता हैं इस बीच झालावाड़ जिले में आज दोपहर बाद कई स्थानो पर हल्की बूंदाबांदी हुई इसके बावजूद लोगों को गर्मी से खास राहत नहीं मिली हैं

0000

करौली जिले के श्री महावीर जी में चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले के तहत आज रथ यात्रा निकाली गईं यात्रा में देशभर से आये श्रद्धालु शामिल हुएं

0000

देश के विभिन्न भागों में आज से पारंपरिक फसल उत्सव मनाए जा रहे हैं पंजाब, हरियाणा में लोग 'वैसाखी' पर्व मना रहे हैं प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं

बैसाखी के मौके पर गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजाए गए और गुरबाणी का अखंड पाठ किया गयां वहीं कई स्थानों पर अटूट लंगर बरते गएं हनुमानगढ़ के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही हैं कोटा बूंदी क्षेत्र के दौरे पर आये लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैसाखी पर्व पर गुरूद्वारा अगमगढ साहिब पंहुचें श्री बिरला ने इस अवसर पर बैसाखी की शुभकामनाएं दी हैं झुंझुनूं के खेतड़ी नगर स्थित गुरूद्वारे में कीर्तन जत्थे ने प्रस्तुतियां दीं वहीं लंगर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद लियां

0000

आईपीएल क्रिकेट में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू को जीत के लिये 174 रन का लक्ष्य दिया हैं जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम पर खेले जा रहे मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित कियां निर्धारित ओवरों में राजस्थान की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 173 रन बनायें

00000

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज राजसमंद जिले में स्थित नाथद्वारा में श्रीनाथजी की उत्थापन झांकी के दर्शन कियें केन्द्रीय मंत्री ने मंदिर में नई दर्शन व्यवस्थाओं पर खुशी जताते हुए कहा कि यहां दर्शनार्थियों की सुविधा के लिये जो कार्य किये गये है, उन्हें देखकर काफी अच्छा लगां

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगां आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगीं इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं

00000